卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 36 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦12 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सड़क हादसे में तीन युवतियों सहित छह की दर्दनाक मौत

### कंटेनर से टकराने के बाद पेड़ से भिड़ी अनियंत्रित इनोवा, वाहन के परखच्चे उड़े

देहरादून। सोमवार देर रात कंटेनर से टकराने के बाद एक कार पेड़ से भिड़ गयी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में छह युवक–युवतियों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हादसा इतना भीषण था कि कार क परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। मरने वालों में तीन युवक और तीन युवतियां शामिल थी। सभी की उम्र 18 से 24 साल की थी। जोकि दिल्ली, दून और हिमाचल के रहने वाले थे। सभी देहरादून के ही प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा कैंट क्षेत्र में ओएनजीसी चौक के पास देर रात हुआ। तेज रफ्तार




इनोवा कार पहले कंटेनर और फिर पेड़ से टकरा गई। पुलिस के अनुसार किशन नगर चौक की ओर से आ रहा था तथा इनोवा कार बल्लूपुर चौक की ओर से देहरादून की ओर आ रही थी। किशन नगर चौक के पास कंटेनर की क्रासिंग के दौरान इनोवा वाहन चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार कंटेनर के पिछले हिस्से से टकरा गयी। कार की टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर के पीछे कार का बोनट ही चिपक गया। इसके बाद कार गलत दिशा में करीब 100 मीटर पर एक पेड़ से टकराई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार छह युवक– युवतियों की मौत हो गई। हादसे में कुछ के शरीर के चिथड़े उड़ गए। प्रथमदृष्टया ओवरस्पीडिंग के कारण उक्त हादसा होना प्रतीत हो रहा है। मरने वालों में 23 वर्षीय कुणाल कुकरेजा जसवीर कुकरेजा निवासी राजेंद्र नगर देहरादून, मूलनिवासी चंबा हिमाचल प्रदेश, 19 वर्षीय गुनीत (19) पुत्र तेज प्रकाश सिंहनिवासी साई लोक जीएमएस रोड देहरादून, 23 वर्षीय नव्या गोयल पुत्री पल्लव गोयल निवासी 11 आनंद चौक तिलक रोड, 24 वर्षीय अतुल अग्रवाल पुत्र सुनील अग्रवाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## हादसे में ठुकराल के करीबी बंटी कोली की मौत

### रम्पुरा से बिलारी जा रही बारात में शामिल कार ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी,तीन घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा से यूपी के बिलारी जा रही बारात में शामिल एक कार शाहबाद के पास गन्ने से लदी ट्रैक्टर से भिड़ गयी। इस हादसे में रूद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बेहद करीबी रम्पुरा निवासी बंटी कोली की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि दूल्हे का भाई सहित तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गये। देर रात तक हुई घटना के बाद मंगलवार को रामपुर में पोस्टमार्टम के बाद शव रम्पुरा लाया गया।



जानकारी के मुताबिक रूद्रपुर से आकाश नाम के एक युवक की बारात बीती रात रम्पुरा से यूपी के रामपुर जनपद अंतर्गत बिलारी के लिए निकली थी। इस बारात में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के करीबी युवा नेता बंटी कोली पुत्र स्व. घासी राम भी अपने तीन मित्रों के साथ एक कार में सवार होकर निकले थे। रात करीब सवा दस बजे शाहबाद क्षेत्र में सड़क के किनारे खड़ी एक ट्रैक्टर ट्राली से मारूति एसप्रेसो कार की जोरदार भिड़त हो गयी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। हादसे में ड्राईवर के बगल वाली सीट पर बैठे बंटी कोली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा इतना भयानक था कि बंटी कोली का एक हाथ कटकर अलग हो गया और उनका चेहरा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि कार में सवार दूल्हे के भाई सहित तीन अन्य लोग मामूली रूप से (शेष पृष्ठ सात पर)

### मौत ने बुला लिया आगे वाली सीट पर

रूद्रपुर। दोस्त की शादी में हंसी खुशी रूद्रपुर से निकले बंटी कोली ने सोचा भी नहीं था कि शादी के बहाने मौत उन्हें बुला रही है। बंटी खुद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की कार पिछले कई सालों से चलाता था। वाहन चलाने में वह एक्सपर्ट था लेकिन कल शाम उसने कार नहीं चलाई। उसने कार का स्टेयरिंग अपने मित्र का सौंप दिया और खुद कार की पीछे वाली सीट पर बैठ गया। घटना स्थल पर पहुंचने से कुछ देर पहले ही बंटी खुद आगे वाली सीट पर बैठने की जिद करने लगा। दोस्तों ने उससे पीछे ही (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेरा बेटा चला गया: ठुकराल

### ठुकराल के आंसुओं का सैलाब देख हर कोई गमगीन

रूद्रपुर। पिछले करीब तेरह वर्षों से जिसे अपने पुत्र की तरह साथ में रखते थे उसकी अचानक सड़क हादसे में मौत से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल अपने आंसुओं को रोक नहीं पाये घटना के बाद वह कई बार फूट फूट कर रो पड़े। उनकी आंखों से आंसुओं का सैलाब देखकर हर कोई गमगीन हो गया। पूर्व विधायक ठुकराल को बीती रात जैसे ही घटना की जानकारी मिली वह तुरंत घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। बेटे के समान बंटी कोली का शव देखकर ठुकराल बिलख पड़े। उन्हें घटना पर यकीन नहीं हो रहा था,बीती शाम ही उन्होंने बंटी से बात की थी और बंटी ने उन्हें शादी में जाने की (शेष पृष्ठ सात पर)



## दिनदहाड़े युवक को गोली मारी, घायल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक युवक का रास्ता रोक कर मारपीट की और जान से मारने के प्रयास में तमंचे से फायर झोंक दिया। युवक छर्रे लगने से घायल हो गया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया।पुलिस के मुताबिक बागवाला झील निवासी मुसाफिर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता है। उसका गांव के ही कुछ लोगों से उसका विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह मुसाफिर रोज की तरह डयूटी के लिए घर से निकला था। घर से कुछ दूरी पर पहुंचा ही था कि पहले से बैठे दूसरे पक्ष के लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। इस दौरान उसकी नोकझोंक और मारपीट हो गई। पीड़ित के मुताबिक इसी बीच दूसरे पक्ष के एक युवक ने मुसाफिर पर तमंचे से फायर झोंक दिया। जिससे छर्रे लगने से वह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि फायरिंग की आवाज सुनकर परिवार के साथ ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। किसी ने घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस को दी। पहुंची ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने हायर रेफर के लिए कर दिया।

## बस की टक्कर से छोटा हाथी पलटा, 27 घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सवारियों से भरे ओवरलोड छोटा हाथी वाहन को हल्द्वानी पंतनगर मोड़ पर प्राईवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे में 27 लोग घायल हो गये जिनमें अधिकांश महिलाएं थी, छह महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल रैफर किया गया है। घटना की सूचना पर एसएसपी मंणिकांत मिश्रा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और घटना की ली। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह 3 दर्जन सवारियों को लेकर एक छोटा हाथी वाहन पंतनगर की ओर जा रहा था। हल्द्वानी पंतनगर मोड़ पर एक निजी बस ने छोटा हाथी वाहन को टक्कर मार दी। बस की टक्कर से छोटा




हाथी वाहन मौके पर पलट गया जिससे मजदूरों में चीख पुकार मच गई। इसी बीच मोके से गुजर रहे राहगीरों ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय मे भर्ती करवाया । जहां से 60 वषीय जया,40 वर्षीय दुर्गा,36 वर्षीय सरस्वती,23 वर्षीय रेखा मिस्त्री, सुजाता सहित छह महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी के लिए रेफर किया किया गया है। जबकि घायल दीप्ती, कल्याणी,(शेष पृष्ठ सात पर)



भोग/रस्मपगड़ी

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमति राज रानी का स्वर्गवास 6 नवम्बर 2024 को हो गया है, जिसकी आत्मिक शांति के लिए रखे गये भोग एवं रस्मपगड़ी दिनांक 14.11.2024 दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 11 से 12 बजे तक श्री ओम बापू मन्दिर,गदरपुर में सम्पन्न होगी।

दुखित परिवार

स्व0 अशोक कुमार–अनीता रानी(देवर–देवरानी) बाबू राम गाबा (पति)
स्व0 गुलशन कुमार–संगीता रानी(देवर–देवरानी) मनोज कुमार–मानसी(पुत्र–पुत्रवधु)
राजकरनी 'लुधियाना'–बाबू राम कालड़ा(बहन–बहनोई) गोल्डी–किरन(पुत्र–पुत्रवधु)
दर्शना रानी–स्व0राकेश कोचर–(बहन–बहनोई) नितिन–कीर्ति(पुत्र–पुत्रवधु)
सरोज रानी–सतीश तनेजा(बहन–बहनोई) संजीव आहूजा–अलका(दामाद–पुत्री)

एवं समस्त गाबा,हंस,कोचर,कालड़ा,तनेजा व आहुजा परिवार
निवास–पंजाबी कालोनी, गाबा कन्फैक्शनरी,गदरपुर मो–9837780067

## सरेशाम छात्र के अपहरण का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्यूशन से लौट रहे एक छात्र का हथियारबंद लोगों ने सरेशाम कार में अपहरण का प्रयास किया। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंतनगर थाना पुलिस को दी तहरीर में पांच मंदिर रोड रूद्रपुर निवासी विनोद कुमार चावला पुत्र स्व कश्मीर लाल चावला ने बताया कि उसका भतीजा 17 वर्षीय माधव चावला पुत्र राजेश चावला , निवासी ओमेक्स रिवेरा कालौनी सोमवार शाम को अपने सहपाठियों के साथ ट्यूशन के लिए ओमेक्स कालौनी में ही अपने अध्यापक के घर गया हुआ था । शाम सवा 7 बजे ट्यूशन समाप्त करके जब वह अपने अध्यापक के घर से बाहर निकला तभी वहां एक कार में पूर्व से ही घात लगाकर बैठे कुछ बदमाशों ने उस पर धावा बोल दिया और उसके साथ बुरी तरह से मारपीट करते हुऐ उसे अपनी कार की तरफ अपहरण करने के उद्देश्य से खींचने लगे।तभी वहां पर अन्य सहपाठियों ने शोर मचाना शुरु कर दिया बदमाशों ने उनको भी मारना पीटना शुरु कर दिया । उनके पास पिस्टल तथा अन्य हथियार भी थे । तहरीर में आरोप है कि हमलावरों का मुखिया तोहित बेग निवासी सीर गोटिया है जो कि बहुत ही आपराधिक प्रवृत्ति का है और अपने साथियों के साथ मेरे भतीजे को अपहरण करने की साजिश से वहां आया था । लेकिन अन्य सहपाठियो के पहुंचने और शोर शराबा होने पर तोहित बेग और उसके साथी भाग निकले और जाते जाते जान से मारने की धमकी दे गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नशे के इंजेक्शनों के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान नशे के इंजेक्शन सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी अपने दलबल के साथ जवाहर नगर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे गश्त करते–करते वन विभाग के बैरियर से होते हुए गोला नदी में बनी झुग्गी झोपड़ियां के समीप पहुंचे जहां एक युवक पुलिस को आते दिखाई दिया वह युवक पुलिस को देखकर (शेष पृष्ठ सात पर)

# 'खेल प्रतिभाओं की भूमि' के नाम से भी पहचाना जाएगा उत्तराखंड : धामी

## सीएम धामी ने पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम एवं 1378 लाख की 3 योजनाओं का लोकार्पण किया

हरिद्वार/रुड़की(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 1378 लाख की 3 योजनाओं का लोकार्पण किया। लोकार्पण की गई योजनाओं में 905 लाख की लागत से पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम का विकास एवं विस्तार कार्य, 143 लाख की लागत से डाम कोठी पुल का विद्युत फसाड सौन्दर्यकरण कार्य, 330 लाख की लागत से चण्डी देवी पुल के विद्युत फसाड सौन्दर्यकरण के कार्य शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अब युवाओं में खेलों के प्रति एक नया विश्वास जागृत होगा और वो दिन दूर नहीं जब उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही "खेल प्रतिभाओं की भूमि" के नाम से भी पहचाना जाएगा। हमारा देश और प्रदेश दोनों युवा हैं, युवा शक्ति की महत्वाकांक्षाएं भी युवा है। युवाओं के सपनों को पंख देना हमारी पहली प्राथमिकता है, हर नीति हर निर्णय युवाओं को केंद्र में रख कर लिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में धर्म नगरी को खेल के क्षेत्र में इतनी बड़ी सौगात आज हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण ने दी है और अधिकारियों व युवा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण स्टेडियम एक वर्ष में बनकर खिलाड़ियों के लिए तैयार हो पाया है। उत्तराखण्ड में विकास का महायज्ञ चल रहा है, यज्ञ को पूर्ण करने में हम सभी को अपने समय और अपने परिश्रम की आहुति प्रदान करनी है। उन्होंने कहा कि सरकार अगर अच्छी नियत और कठोर परिश्रम से कार्य करती है तो उसके परिणाम भी सकारात्मक रूप से अच्छे आते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चल रही हमारी सरकार ने युवाओं की निराशा को खत्म कर उन्हें नई आशा प्रदान की है। हरिद्वार में इतना शानदार क्रिकेट स्टेडियम युवाओं के लिए बनकर तैयार हुआ है, हम युवाओं के विकास के लिए उनकी प्रतिभा निखारने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। क्रिकेट स्टेडियम के शुभारंभ के बाद हरिद्वार और अधिक चमकने वाला है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में हमारी सरकार प्रदेश के युवाओं के लिए एक समग्र और युवा नीति बनाने जा रही है। युवाओं के रोजगार व्यक्तित्व विकास और केंद्रित होगी। उत्तराखण्ड के युवाओं को अवसरों की कमी ना रहे इसलिए हम हर स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है। इन आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति एक नया विश्वास जागृत होगा और उत्तराखण्ड में वह दिन दूर नहीं जब हमारी देवभूमि की पहचान खेल प्रतिभाओं की भूमि के नाम से होगी। इस वक्त हमारी पहली प्राथमिकता उत्तराखण्ड में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में अभूतपूर्व रूप से बढ़ाना है।हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण के कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राधिकरण द्वारा शंकराचार्य चौक फ्लाईओवर के नीचे स्पॉट जोन स्थापित करना हो या फिर स्टेडियम के पास मल्टी स्टोरी स्पोर्ट्स का निर्माण करना यह सभी अच्छी पहल है। उत्तराखण्ड प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय के निर्माण के साथ ही दो अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 89 मिनी स्टेडियम और 150 से अधिक खेल मैदान हैं।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खिलाड़ियों को पदक अर्जित करने पर नकद पुरस्कार दे रही है साथ ही विशिष्ट खिलाड़ियों को देवभूमि उत्तराखण्ड खेल रत्न से भी सम्मानित कर रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल, गढ़वाल मंडल आयुक्त श्री विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी हरिद्वार श्री कर्मेद्र सिंह, हरिद्वार विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अंशुल सिंह, हरिद्वार विधायक श्री मदन कौशिक, रानीपुर विधायक श्री आदेश चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद व जिला अध्यक्ष श्री संदीप गोयल आदि भी मौजूद रहे।







## सीएम धामी ने खूब लगाए चौके-छक्के

हरिद्वार। हरिद्वार स्थित भल्ला स्टेडियम में उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रिकेट खेलते हुए राज्य में खेल को प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते इस दौरान उन्होंने क्रिकेट में भी हाथ आजमाया। सरल और ओजस्वी व्यवहार की छवि प्रदेशवासियों के बीच बनाने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्टेडियम का लोकार्पण करने के बाद क्रिकेट में भी हाथ आजमाया। उन्होंने रूड़की विधायक आदेश चौहान की पहली बॉल पर छक्का लगाया और उसके बाद दूसरी बॉल पर चौका लगाकर यह साबित कर दिया कि वह राजनीति के मैदान के साथ ही क्रिकेट के मैदान में भी फायर हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पांडे, जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेद्र सिंह, हरिद्वार विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह, हरिद्वार विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, पूर्व विधायक सुरेश राठौड़, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व विधायक संजय गुप्ता मौजूद रहे।



## सरकार ने चिकित्साधिकारियों को दी एसडीएसीपी की बड़ी सौगात

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार ने इगास पर्व पर चिकित्साधिकारियों को एसडीएसीपी की बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के उन चिकित्साधिकारियों को मिलेगा जिन्होंने पर्वतीय व दुर्गम क्षेत्रों में अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कार्मिकों के हितों को लेकर लगातार गंभीर रहते हैं। जिसका परिणाम है कि चिकित्सकों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई है। इसका लाभ प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्साधिकारियों को मिलेगा।स्वास्थ्य सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएसीपी से लाभांवित होने वाले चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चिकित्सकों की एसडीएसीपी देने की मांग थी। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर शासन स्तर पर प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के चिकित्साधिकारियों को एसडी एसीपी का लाभ दिये जाने के आदेश जारी कर दिये गये हैं।उन्होंने कहा कि 04 वर्ष की कुल सेवा व 02 वर्ष की पर्वतीय/दुर्गम सेवा पूर्ण करने वाले प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के 73 चिकित्सकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें पे मैट्रिक्स लेवल-11वेतनमान 67,700-208700 मिलेगा। इसके साथ ही 09 वर्ष की कुल सेवा व 05 वर्ष की पर्वतीय/दुर्गम सेवा पूर्ण करने वाले प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के 03 चिकित्सकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें पे मैट्रिक्स लेवल-12 वेतनमान 78,800-209200 मिलेगा।स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि 13 वर्ष की कुल सेवा व 07 वर्ष की पर्वतीय/दुर्गम सेवा पूर्ण करने वाले प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के 03 चिकित्सकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें पे मैट्रिक्स लेवल-13 वेतनमान 1,23, 100-2,15,900 मिलेगा। इसके साथ ही वहीं 20 वर्ष की कुल सेवा व 09 वर्ष की पर्वतीय/दुर्गम सेवा पूर्ण करने वाले प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के 45 चिकित्सकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्हें पे मैट्रिक्स लेवल-13 वेतनमान 1,31,100-2,16,600 मिलेगा। डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि चिकित्सक हमारे परिवार का अहम हिस्सा हैं। प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ की मांगों को लेकर सरकार हमेशा गंभीर रही है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ की हर न्यायोचित मांग का समाधान करने के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। हाल में ही पीएमएस की मांग पर अपर निदेशक व संयुक्त निदेशक के पदों पर प्रमोशन के आदेश जारी किये जा चुके हैं।स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि डाक्टरों की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर और सभी पहलुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार कर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के सभी चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि वह हमेशा की तरह पूरे मनोयोग व निष्ठा के साथ कार्य करते रहें, उनकी मांगों के समाधान और सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।

## सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी बूढ़ी दीपावली पर्व की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को इगास पर्व /बूढ़ी दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारी लोक संस्कृति एवं परम्परा देवभूमि की पहचान है। किसी भी राज्य की लोक संस्कृति एवं लोक परम्परा उस राज्य की आत्मा होती है, इसमें इगास का पर्व भी शामिल है। हमारे लोक पर्व एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सामाजिक जीवन में जीवंतता प्रदान करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपनी लोक संस्कृति एवं लोक परम्पराओं को आगे बढ़ाने में सहयोगी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संपूर्ण देश में सांस्कृतिक विरासत और गौरव की पुनर्स्थापना हो रही है, उसी तरह उत्तराखण्डवासी अपने लोक पर्व इगास को आज बडे उत्साह से मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे लोग इगास पर्व पर अपनी परम्पराओं के साथ अपने पैतृक गांवों से भी जुड़ सकें इसके लिये राज्य में इगास पर्व पर सार्वजनिक अवकाश की परम्परा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी लोक संस्कृति एवं लोक पर्वों से जुड़े इसके भी प्रयास होने चाहिए।



## उत्तराखंड के दो नगर निकायों ने कूड़े से बिजली और खाद का उत्पादन शुरू किया

देहरादून(उद संवाददाता)। शहरों में कूड़ा प्रबंधन अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य है। बढ़ती आबादी से शहरों में कूड़ा उत्पादन दिनों-दिन बढ़ रहा है, इस कारण नगर निकायों के सामने, स्वच्छता से लेकर पर्यावरण प्रदूषण की भी चुनौती पेश आ रही है। लेकिन उत्तराखंड के दो नगर निकायों ने अब इस कूड़े से बिजली और खाद का उत्पादन शुरू कर एक नई राह दिखाई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि विकास की हर योजना में इकोलॉजी और इकोनॉमी का संतुलन बनाए रखा जाए। इसी कड़ी में शहरी विकास विभाग के अंतर्गत रुद्रपुर नगर निगम और मसूरी नगर पालिका ने वेस्ट टू एनर्जी पॉलिसी के तहत कचरे से बिजली उत्पादन की शुरुआत की है।





इस पहल के माध्यम से रुद्रपुर नगर निगम ने वर्षो पुराने कूड़े के ढेर का भी सफल निस्तारण किया है। 40 वार्ड वाले रुद्रपुर नगर निगम से प्रतिदिन 105 से 118 मीट्रिक टन कूड़ा पैदा होता है। पहले बड़ी संख्या में कूड़ा डम्पिंग साइट पर बिना निस्तारण के ही लंबे समय तक पड़ा रहता था। इसके लिए नगर निगम ने नवंबर 2022 में पीपीपी मॉडल के तहत वेस्ट टू एनर्जी प्लांट पर काम प्रारंभ किया। जो अब बिजली के साथ ही जैविक खाद भी उत्पादन करने लगा है। इस प्लांट की क्षमता 50 टन प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण की है, वर्तमान में यह प्लांट अभी 30 टन कूड़ा प्रतिदिन इस्तेमाल कर पा रहा है। जिससे अभी रोजाना छह किलोवाट बिजली के साथ ही कल्याणी नाम से जैविक खाद भी बन रही है। मसूरी नगर पालिका ने भी इसी साल मई से वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से उत्पादन शुरू कर दिया है। पीपीपी मोड के इस प्लांट की क्षमता प्रतिदिन आठ टन प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण की है, इस कूड़े से नगर पालिका बायो गैस पैदा करती है, साथ ही जैविक खाद का भी उत्पादन किया जा रहा है। इससे मसूरी जैसे पर्यटक स्थल पर कूड़े की समस्या का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण संभव हो पाया है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहले दिन से ही इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाने पर जोर दे रही है। ग्रीन इकोनॉमी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निकायों में कूड़े से बिजली पैदा की जा रही है। इसके लिए वेस्ट टू एनर्जी पॉलिसी भी तैयार की गई है। हम हर हाल में उत्तराखण्ड के पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पीएम मोदी ने दिल्ली में मनायी इगास बग्वाल

## प्रधानमंत्री ने गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर कर दी बधाई







नई दिल्ली(उद संवाददाता)। राज्यसभा सदस्य और भाजपा के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी के 20, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड स्थित आवास पर सोमवार को इगास (बूढ़ी दिवाली) पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने योगगुरु बाबा रामदेव और परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती के साथ गौ पूजा के साथ पवित्र अग्नि प्रज्वलित की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समेत कई दिग्गज हस्तियां मौजूद थी। पीएम मोदी ने इगास-बग्वाल कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें भी एक्स पर पोस्ट की हैं। प्रधानमंत्री ने प्राचीन संस्कृति और पर्व को संरक्षित करने की बलूनी की मुहिम और प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर बलूनी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री की प्रेरणा से करीब-करीब भुला दिए गए इस पर्व को पुनर्जीवित करने की पहल की। करीब पांच सालों के प्रयासों के बाद अब यह पर्व न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि देश और दुनिया में मनाया जा रहा है। बलूनी ने इगास के अवसर पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के राज्य सरकार के फैसले का भी स्वागत किया। बलूनी ने बताया कि इस पर्व के संदर्भ में कई मान्यताएं प्रचलित हैं। सबसे अहम मान्यता यह है कि लंका विजय के बाद जब भगवान राम अयोध्या पहुंचे तो लोगों ने घी के दीये जला कर उनका स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना गढ़वाल क्षेत्र में कार्तिक शुक्ल एकादशी को मिली थी। इस सूचना से प्रसन्ना क्षेत्र के लोगों ने इसी दिन दीपावली मनाई थी, जिसे इगास या बूढ़ी दिवाली का नाम दिया गया। दूसरी मान्यता यह है कि गढ़वाल के माधो सिंह भंडारी के नेतृत्व में तिब्बत का युद्ध जीतने के बाद उनकी सेना दिवाली के 11 दिन बाद गढ़वाल पहुंची थी। पीएम मोदी ने इगास-बग्वाल कार्यक्रम की कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई! दिल्ली में आज मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी जी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए। पीएम ने आगे लिखा, हम विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे इस बात का संतोष है कि लगभग लुप्तप्राय हो चुका लोक संस्कृति से जुड़ा इगास पर्व, एक बार फिर से उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों की आस्था का केंद्र बन रहा है। उन्होंने आगे लिखा, उत्तराखंड के मेरे भाई-बहनों ने इगास की परंपरा को जिस प्रकार जीवंत किया है, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। देशभर में इस पावन पर्व को जिस बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, वो इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि देवभूमि की यह विरासत और फलेगी-फूलेगी।

# मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ प्रारम्भ



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ 2024 का अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया ।इस अवसर पर प्रभारी उपनिदेशक खेल राशिका सिद्दीकी एवं जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी भी मौजूद थे। प्रथम दिवस में बास्केटबाल, बाक्सिंग एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।अपने सम्बोधन में श्रीमती तोलिया ने खिलाडियों एवं खेल प्रमियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि खेल से न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि रोजगार के साथ ही यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। खेल द्वारा राजनैतिक लक्ष्य भी प्राप्त किया जा सकता है। कई देशों में यह देखने में आया है कि खेलों का अप्रत्यक्ष रूप से संबंध देश के विकास से भी होता है। वर्तमान समय में लोगों के खेलों के प्रति नजरिये में काफी बदलाव आया है। खेल हमें विभिन्न प्रकार से शिक्षित भी करते हैं। इससे मानवीय मूल्यों का विकास होता है साथ ही खेलों द्वारा सामूहिक चेतना का भी विकास होता है। क्योंकि खेल की मूल भावना यही होती है कि अकेले नहीं बल्कि समूह में खेलना। खेल द्वारा नेतृत्व करने की कला का भी विकास होता है। खेल से रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलता है। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने बताया कि 11 नवम्बर से 22 नवम्बर 2024 तक खेल महाकुम्भ आयोजित होगे। उन्हांने कहा बच्चों को इलेक्ट्रानिक कलचर से निकालकर खेल मैदान में प्रतियोगिता कर बच्चो को मानसिक एवं भौतिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने कहा आज के परिप्रेक्ष में बच्चे चौबीसों घंटे मोबाइल मे गेम खेलते है। जिससे बच्चे मानसिक तनाव के साथ ही फिजिकल कमजोर होते है। इसलिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को मानसिक एवं फिजिकल मजबूत करना है। उन्होंने कहा प्रतियोगिता में न्याय स्तर एवं ब्लाक स्तर पर चुने गये प्रतियोगी जिला स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा जिला स्तर पर चुने गये प्रतिभागी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कराटे प्रतियोगिता में अण्डर-14 बालिका वर्ग में (50 किग्रा0) में हर्षिता पाण्डे प्रथम, गरिमा बिष्ट, द्वितीय व भव्या गडिया तथा महिमा चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 40 किग्रा0 में पी खाती, प्रथम, मोनिका असवाल, द्वितीय व अवनी आर्या तथा मानक्षी सती तृतीय स्थान पर रही। 45 किग्रा0 में निशा पलडिया, प्रथम,ईशिता मेहरा, द्वितीय, भूमिका खाती व भूमिका कठायत ने तृतीय स्थाान प्राप्त किया। इसी प्रकार बाक्सिंग प्रतियोगिता अण्डर-14 बालक वर्ग में 40-42 किग्रा0 में ब्लाक हल्द्वानी के योगेश सिंह, प्रथम व रामनगर के मयंक अधिकारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 42-44 किग्रा0 में ब्लाक भीमताल के भाष्कर पलडिया, प्रथम स्थान, ब्लाक हल्द्वानी के मंयक गिरी गोस्वामी, द्वितीय,44-46 किग्रा0 में दीपांशु आर्या, प्रथम स्थान व देवांश शर्मा, द्वितीय स्थान , 46-48 किग्रा0 में भावेश आर्या, प्रथम स्थान, देवेश बानी द्वितीय स्थान, 48-50 किग्रा0 में आयुष कुमार, प्रथम स्थान, 50-52 किग्रा0 में हल्द्वानी के अकुल भटनागर, प्रथम स्थान व रामनगर के शौर्य रावत द्वितीय स्थान, 52-54 किग्रा0 में हल्द्वानी के अंशुमन कोहली प्रथम तथा हल्द्वानी के दीपक सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाक्सिंग प्रतियोगति में अण्डर- 14 बालिका वर्ग में 36-38 किग्रा0 में हल्द्वानी की दृश्ना ने प्रथम स्थान, रामनगर की निकिता तिवारी ने द्वितीय, रामनगर की योगिता तथा शुषति राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 38-40 किग्रा. रामनगर की अदिति रावत, प्रथम, रामनगर की गौरी, द्वितीय तथा स हल्द्वानी की दृष्टि भट्ट, तृतीय, 40-42 किग्रा0 में हल्द्वानी की पीहू आर्या, प्रथम तथा हल्द्वानी कनिष्का साहू, द्वितीय, 44-46 किग्रा0 में हल्द्वानी की मुस्कान प्रथम स्थान, 50-52 किग्रा0 हल्द्वानी की तनुजा बिष्ट ने प्रथम तथा रामनगर की वेदिका गोला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डीएन काण्डपाल, त्रिलोक रावत, विमला, एलडी भट्ट के साथ ही खिलाडी मौजूद रहे। इसी दौरान पीएम श्री बालिका इण्टर कॉलेज हल्द्वानी की छात्राओं ने स्वागत की गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन पाण्डे द्वारा किया गया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अर्श डल्ला की गिरफ्तारी

खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला की ओंटारियों में गिरफ्तारी के बाद कनाडा सरकार एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गोलीबारी की एक घटना के आरोप में अर्श को वहीं की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे भारत सरकार ने पिछले वर्ष वांछित आतंकवादी की सूची में डाल कर कनाडा से उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी। भारत में उस पर कई हत्याओं के आरोप हैं। वह वहां हरदीप सिंह निज्जर के लिए काम करता है। वही निज्जर जिसकी हत्या को तूल देते हुए कनाडा सरकार ने भारत से अपने रिश्ते खराब कर लिए हैं और अब भी वह भारत को उकसाने से बाज नहीं आ रहा।भारत लगातार कहता रहा है कि कनाडा की जमीन पर कई खालिस्तानी आतंकी पनाह पाए हुए हैं और वहां से भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। मगर कनाडा ने कभी भारत की किसी अपील को गंभीरता से नहीं लिया। बल्कि वह वहां खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधि यों को नजरअंदाज करता रहा। निज्जर हत्या मामले में वह अभी तक कोई सबूत नहीं पेश कर सका है, मगर वह भारतीय खुफिया एजंसियों, उच्चायोग के अधिकारियों, यहां तक कि गृहमंत्री पर भी आरोप लगा चुका है।कनाडा को अब भी यह बात समझ नहीं आ रही कि जिन आतंकियों को वह पोस रहा है, वे अब उसके लिए ही सिरदर्द बनते जा रहे हैं। उनमें भी अब कई गुट बन गए हैं और मामूली रंजिश पर भी एक-दूसरे पर गोली चलाने से परहेज नहीं करते। उनकी आपसी रंजिश के चलते भी कई खालिस्तानी आतंकी मारे जा चुके हैं। अर्शदीप की गिरफ्तारी के बाद निज्जर समूह की करतूतों की परतें खुलनी शुरू हो गई हैं। यह अच्छी बात है कि कनाडा अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है, मगर ऐसे व्यक्तियों को संरक्षण देना और उनकी सुरक्षा के नाम पर दूसरे देश के साथ अपने वर्षों पुराने रिश्ते को दांव पर लगा देना कोई अच्छी कूटनीति नहीं हो सकती, जो दूसरे देश के लिए खतरे पैदा करते हों। कनाडा इस बात से अनजान नहीं कि भारत में खालिस्तान की मांग कितना संवेदनशील मुद्दा है। दो दोस्त देश एक-दूसरे की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता की फिक्र करते हैं। मगर कनाडा सरकार ने एक ऐसे व्यक्ति के लिए भारत के साथ बेवजह दुश्मनी का वातावरण बना दिया, जो भारत का वांछित आतंकवादी था। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को कनाडा ने इतना बड़ा मुद्दा बना दिया है कि उसके लिए वह आए दिन भारत के खिलाफ कोई न कोई विवाद खड़ा करने या कड़ा कदम उठाने का प्रयास करता है। अभी उसका भारतीय छात्रों के शिक्षा संबंधी त्वरित वीजा पर पाबंदी का फैसला भी ऐसा ही कदम है। इस तरह के फैसलों से कनाडा खुद अन्य देशों की नजर में कमजोर साबित हो रहा है। अर्शदीप मामले में वह क्या कहेगा, जो खुद वहां की कानून व्यवस्था के लिए चुनौती खड़ी कर चुका है। क्या वह उसके जरिए निज्जर के खालिस्तान समर्थक तंत्र की हकीकत तलाशने का प्रयास करेगा। अगर वह सचमुच इसे लेकर गंभीर है, तो शायद अर्शदीप से उसे कई तथ्य हासिल हो सकते हैं। अगर कनाडा आतंकी गतिविधियों में लिप्त लोगों के प्रति ऐसा ही दोहरा रवैया अपनाता रहा, तो उसकी कानून व्यवस्था संबंधी चुनौतियां बढ़ेंगी ही। इस तरह चुनाव में फायदा उठाने का जस्टिन ट्रूडो का सपना भी पूरा नहीं हो सकता।

# पेंशनर्स ने जाना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र बनाने के तरीके

देहरादून (उद संवाददाता)। राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र(डीएलसी) अभियान 3.0 ख्र पीआईबी स्टेटमेंट (पोस्ट-इवेंट) पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए 1 से 30 नवंबर, 2024 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र(डीएलसी) अभियान3. 0आयोजित कर रहा है। इस अभियान में "होल ऑफ गवर्नमेंट" एप्रोच अपनाते हुए कई हितधारकों के सहयोग से, देशभर के800 शहरों/जिलों में शिविर लगाए जा रहे हैं।केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए और अधिक सुविधापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने के लिए, नवंबर 2021 में, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए, फेस ऑर्थेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया गया था। फेस ऑर्थेंटिकेशन तकनीक एक ऐसी तकनीक है जिसमें किसी भी एंड्रॉइड आधारित स्मार्ट फोन से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जा सकताहै। इस तकनीक से बाह्यबायोमेट्रिक उपकरणों की आवश्यकता समाप्त हो गई है और जीवन प्रमाणपत्र जमा करने की प्रक्रिया सुलभ और आसान हो गई है।वर्ष 2022में विभाग द्वारा आयोजित अभियान में1.41 करोड़ से भी अधिक डीएलसी जनरेट किए गए, जिनमें केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के 42 लाख से अधिक डीएलसी जनरेट किए गए। नवंबर, 2023 में 100 शहरों



में आयोजित अभियान द्वारा कुल1.47 करोड़ डीएलसी जनरेट किए गए थे, जिनमें से 45 लाख केंद्र सरकार के पेंशनभोगी द्वारा जनरेट किए गए।इस वर्ष, बैंकों, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, पेंशनभोगी कल्याण संघों, यूआईडीएआई, ईलेक्ट्रोनिक और सूचना प्रोध्योगिकी मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और दूरसंचार विभाग के सहयोग से आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पेंशनभोगी, विशेषरूप से वयोवृद्ध तथा अशक्त पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाणपत्र आसानी से जमा कर सकें। देशभर के विभिन्न शहरों में कई स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं औरबैंक शाखाओं में कार्मिक अपने स्मार्ट फोन से पेंशनभोगियों को डीएलसी जमा करने में सहायता कर रहे हैं। साथ ही वयोवृद्ध/दिव्यांग/बीमार पेंशन भोगियों के लिए घरों/अस्पतालों में जा कर जीवन प्रमाणपत्र डिजिटल रूप से जमा करने की सुविधा दे ने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस अभियान का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया पर और बैनरों द्वारा भी किया जा रहा है, तथा इसकी निगरानी विभाग द्वारा डीएलसी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है ताकि अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसी श्रृंखला में श्री समीन अंसारी, अवर सचिव पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग एवं श्री अशवनी कुमार, उपनिदेशक यू आई डी आई ए (आधार) के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधि कारियों और पेंशनर संघ के सदस्यों ने देहरादून शहर में 11 नवंबर, 2024 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 5 शाखाओं - आइ एम ए, बीरपुर, सहारनपुर रोड, डिफेन्स कालोनी और आई आई पी टाउनशिप में लगाए गए शिविरों में जाकर पेंशनभोगियों का जीवन प्रमाणपत्र जनरेट किया और उन्हें विभिन्न डिजिटल तरीकों जैसे फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक भी देहरादून जिले के सभी डाकघरों पर निर्धारित तिथियों को यह शिविर लगा रहा हैद्य इन शिविरों का व्यापक प्रचार- प्रसार किया गया और इस अभियान को सफल बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए गए।

# कुंवारी गांव के 54 परिवार होंगे विस्थापित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले का पदभार संभालते ही आपदा प्रभावितों के विस्थापन के संबंध में जानकारी ली, उन्होंने आपदा प्रबंधन और राजस्व अधिकारियों को आपदा प्रभावितों के हितों के लिए प्रभावी उपाय और जल्द जरूरतमंद आपदा प्रभावितों को विस्तापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगातार शासन से पत्राचार कर विस्थापन के लिए जल्द स्वीकृति दिए जाने की मांग की थी। कहा कि ग्राम कंवारी को विस्थापित करने के लिए शासन से अनुमति मिल चुकी है। प्रभावित परिवारों को 2 करोड़ 29 लाख 50 हजार की धनराशि एसडीएम कपकोट को आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम कुंवारी के शीर्ष भाग में वर्ष 2018 से लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण अत्यधिक संवेदनशील ग्राम कुंवारी के 76 प्रभावित परिवारों का भूगर्भीय सर्वेक्षण करवाये जाने उपरांत चिन्हिकरण किया गया था। प्रथम चरण में शासन स्तर से 18 परिवारों के विस्थापन हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी थी। अवशेष 58 परिवारों में से 03 परिवार स्वयं के संसाधनों से तथा एक प्रभावित परिवार में महिला मुखिया की मृत्यु होने व मृतका का कोई उत्तराधिकारी न होने के कारण शेष 54 प्रभावित परिवारों के विस्थापन/पुनर्वास हेतु शासन से प्राप्त निर्देशों के कम में 2,29,50,000.00 (दो करोड़ उनतीस लाख पचास हजार रु.मात्र) की धनराशि उपजिलाधिकारी कपकोट को आवंटित की गई ।

# उपनल के कर्मचारियों ने किया सचिवालय कूच

देहरादून। प्रदेशभर से राजधानी पहुंचे बड़ी संख्या में उपनल कर्मचारियों ने सचिवालय कूच के लिए हुंकार भरी। इस दौरान उपनल कर्मियों को पुलिस ने सुभाष रोड पर बैरिकेडिंग कर आगे बढ़ने से रोक दिया। जिसके बाद संगठन के लोग सुभाष रोड पर सड़क पर ही बैठ गए। राज्य निगम कर्मचारी महासंघ और हाईड्रो इलेक्ट्रिक इंपलाइज यूनियन ने भी कर्मचारियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल के मुताबिक हाईकोर्ट ने 2018 में उपनल कर्मचारियों को समान काम के लिए समान वेतन देने और नियमितीकरण के लिए नियमावली बनाने का फैसला सुनाया था, लेकिन राज्य सरकार ने इस फैसले पर अमल न कर इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की। सुप्रीम कोर्ट सरकार की एसएलपी खारिज कर चुका है। इसके बाद भी सरकार की ओर से हाईकोर्ट के 2018 के फैसले पर अमल नहीं किया गया। सरकार फिर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करने की तैयारी में है। जिससे प्रदेश भर के उपनल कर्मचारियों में नाराजगी है। उधर भगवानपुर की विधायक ममता राकेश ने भी उपनल कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया है।

# परेड कमांडरों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित रैतिक परेड का नेतृत्व करने वाली महिला कमांडरों को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी महिला परेड कमांडरों, अश्व दल मार्च पास्ट की महिला घुडसवारों और हिम रक्षक डेयरडेविल्स डेमो की 17 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने परेड के दौरान और परेड से पूर्व की तैयारियों और प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर मातृशक्ति को परेड का नेतृत्व करते देखना अत्यंत गर्व का क्षण रहा है। उन्होंने कहा कि जिस आत्मविश्वास और संतुलन के साथ महिलाओं ने परेड का नेतृत्व, बाइक राइडिंग और घुड़सवारी में



प्रदर्शन किया, वह अन्य बेटियों को भी प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने इस बदलाव पर प्रसन्नता व्यक्त की कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं, और यह नारी सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति का संकोच अब समाप्त हो रहा है और वे किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तत्पर रहती हैं। राज्यपाल ने पुलिस विभाग के अधिकारियों की भी सराहना की जिन्होंने महिला पुलिस कार्मिकों को नेतृत्व के लिए तैयार किया।इस अवसर पर एडीजी ए.पी. अंशुमान, आईजी विम्मी सचदेवा, एसएसपी अजय सिंह, पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती रीना राठौर, उनिनापु पूनम शाह, उनिनापु रजनी चमोली, उनिनापु टीना रावत, उनिनापु ज्योति पंवार, उनिनाप स्मृति रावत, उनिनापु दीपा रानी, उनिनापु विनयता चौहान, उनिनापु किरन डोभाल, उनिमाप हिमानी चौधरी, हेड कांस्टेबल पूनम रानी, फायरवूमेन दिव्या डांगी, फायरवूमेन विनीता, फायरवूमेन नेहा डबराल, महिला कांस्टेबल नीलम धरीवाल, महिला कांस्टेबल प्रीती मल्ल, महिला कांस्टेबल रीना मौजूद रहें।

# राज्यपाल से जम्मू के जूनियर अंडर ऑफिसर हारून इम्तियाज ने की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में एनसीसी निदेशालय, जम्मू के जूनियर अंडर ऑफिसर हारून इम्तियाज ने भेंट की। इस अवसर पर हारून ने राज्यपाल को "राष्ट्रीय राइफल्स: इंडियन आर्मी" पुस्तक भेंट की, जिसे उन्होंने एनसीसी कैडेट जानवी के साथ सह-लेखक के रूप में लिखा है। यह पुस्तक राष्ट्रीय राइफल्स के गौरवशाली इतिहास, संचालन कौशल, समर्पण और बहादुर सैनिकों की प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से उनके



योगदान को उजागर करती है। राज्यपाल ने इस पुस्तक को लिखने के लिए हारून की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें भी कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स में सेवा देने का सौभाग्य मिला है, और इस पुस्तक ने उन्हें अपनी सेवा के अद्वितीय अनुभवों को फिर से जीने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने हारून की रिसर्च और भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास को इतने युवा उम्र में प्रस्तुत करने के प्रयास की सराहना की।

# युगपुरुष श्री गुरुनानक देव जयंती पर विशेष

प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को स्नान पर्व मनाया जाता है। परन्तु सम्वत 1523 की कार्तिक की पूर्णिमा का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन मेहता कालूराम पटवारी के घर तृप्ता की कोख से पंजाब के तलवंडी ग्राम में गुरु नानक



ने जन्म लिया। आपके पिता के स्वभाव में कुछ कठोरता थी। परन्तु माता का स्वभाव सरल था। गुरु नानक शैशवकाल से ही होनहार थे स आप अरबी, फारसी और संस्कृत के विद्वान थे। बाल्यकाल से ही आपका मन भक्ति और वैराग्य की ओर झुका हुआ था। इससे आपके पिता चिंतित रहते थे। आपको पशु चराने का काम सौंपा गया जो आपके लिए अति उपयोगी सिद्ध हुआ; क्योंकि जंगल का एकान्तवास ईश्वर ख्र भजन करने के लिए लाभप्रद होता है। ईश्वर भी अपने भक्तों का रक्षक होता है स ग्रीष्म ऋतु थी स जंगल में पशु वृक्षों की छाया में आराम कर रहे थे स गुरु नानक को भी नींद आ गई स ऐसी गहरी नींद थी कि धुप आने पर भी न उठे स पसीने से मुख तर था । एक सांप ने आकर अपने फन से आपके मुख पर छाया कर दी। गाँव के मुखिया की आप पर दृष्टी पड़ी। विस्मय का कोई ठिकाना न रहा। गुरु नानक को उठा छाती से लगा लिया। गाँव में आकार इस बात की चर्चा की। ग्रामवासियों ने समझ लिया कि गुरु नानक कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। अब आपको खेत की रखवाली के लिए भेजा गया। वहाँ भी आप परमात्मा की उपासना में लगे रहे। चिड़ियाँ खेत चुगती रहीं, आपने न उड़ाया। यह बात आपके पिता ने पड़ोसी किसान से सुनी। इस काम से हटाकर मेहता कालूराम ने कुछ रुए देकर सौदा लाने के लिए लौहार भेजा, साथ में एक नौकर भी भेज दिया स मार्ग में कुछ साधु महात्माओं से भेंट हो गई। वे सब रूपये उनके भोजन में लगा दिए। पिताजी के भय से घर न गए, पर नौकर ने जाकर आपके पिता को सब हाल सुना दिया। पिता वहाँ आए, और आप पर नाराज हुए। परन्तु आपने साधु संगति को न छोड़ा और अपने बहनोई जयराम के यहाँ कपूरथले पहुँच गए। उन्होंने आपको लोदी खां नवाब के यहाँ मोती खाने के निरीक्षक की नौकरी दिलवा दी। वहाँ भी आप साधु संतों को खूब खिलाते रहे। नवाब पर शिकायत पहुँची। उन्होंने मोदी खाने की जाँच कराई। उसमें कुछ कमी न मिली; बल्कि गुरु नानक के ही 300 रूपये निकले। नवाब को विस्मय हुआ और गुरु नानक के प्रति श्रद्धा बढ़ गयी सगुरु नानक का 19 वर्ष की आयु में मूलाराम पटवारी की कन्या से विवाह हो गया। आपके दो पुत्र श्रीचन्द्र व लक्ष्मीदास हुए जिन्होंने उदासी मत चलाया। अब आपको गृहस्थ तथा सांसारिक कार्यों से विरक्ति हो गई। रात्रि के समय एक नदी में स्नान कर रहे थे। वहाँ भक्ति में अपने तन की सुध ख्र बुध खो बैठे। उस समय ऐसी प्रेरणा हुई कि प्यारे नानक अपना कार्य कब करोगे, जिसके लिए तुम संसार में आये हो। मोह ख्र ममता को छोड़ो, भूले ख्र भटके को सीधे मार्ग पर लाओ। ऐसा सुनकर फिर आप घर नहीं आए। साधु वेश में अपने मुसलमान शिष्य मरदाना के साथ इधर ख्र उधर घूमने फिरने लगे।गुरु नानक देव ने समस्त भारत में अपने उद्देश्यों की अमृत वर्षा कर दी जिससे आपके अनुयायी पर्याप्त संख्या में बन गए। जिस स्थान पर आप गए वहाँ धर्मशालाएँ बनवाईं। आज भी बनारस, प्रयाग, जगन्नाथपुरी और रामेश्वरम में बनीं हुई धर्मशालाएँ आपका स्मरण करा रही हैं। आप वेदान्त का प्रचार करते थे। अरब, अफगानिस्तान, फारस में भी प्रचार किया। मक्का की ओर गए। काबे के समीप सो गए और सयोंग से आपके पाँव उसी ओर हो गए जिसे देखकर मुसलमान बिगड़े। तभी आपने कहा कि अप्रसन्न न हों भाई, मेरे पाँव उधर कर दो जिधर खुदा न हो। मुसलमान यह सुनकर लज्जित हुए। काजी के प्रश्नों का उचित उत्तर देकर उनको प्रसन्न किया। गुरु नानक देव ने ईश्वर को सर्वत्र माना, जाति बन्धन तोड़ा, ऊँच ख्र नीच का भेदभाव मिटाया। वर्ण व्यवस्था को गुण और कर्मानुसार माना। मूर्तिपूजा का विरोध किया, परम शान्ति पाने का साधन योग का अभ्यास बतलाया। आप गुरु भक्ति पर अधिक बल देते थे। 'एक ओंकार सत गुरु प्रसाद' का जप करते थे। अन्य संतों की वाणियों को भी माना। आपके ग्रन्थों में कबीर, रैदास, मीराबाई आदि की वाणियों का समावेश है। ग्रन्थ साहब पंजाबी भाषा में है और भजन हिंदी में है। आपने मगसिर की दशमी सं0 1596 में 70 वर्ष की आयु में शरीर त्याग दिया, जिसकी सूचना अपने शिष्यों को पहले से दे दी थी। आपने पंजाब की दशा बहुत सुधार दी थी आप अमर पद को पा गए। ऐसे सच्चे व महान गुरुजी को मेरा शत शत नमन है।

-नरेश कुमार सेठ, रुद्रपुर

# 27 कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव में प्रत्याशी बनने के लिए किया दावा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आगामी नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए जिले में कांग्रेस कार्यकताओं से नगर निकाय चुनाव में संभावित सभी कार्यकर्ताओं से आवेदन हेतु कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला की अध्यक्षता में चंडिका बेंकेट हाल में बैठक हुई। बैठक में निकाय चुनावों के लिए चुनाव प्रभारी सतीश नैनवाल जिला मुख्यालय पहुँचे। जहाँ नगर के प्रतिष्ठित बेंकेट हाल चंडिका बेंकेट हाल में उन्होंने कार्यकर्ताओं कि बैठक ली। इस दौरान संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निकाय चुनावों में बागेश्वर नगर पालिका ,गरुड़ और कपकोट नगर पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी के लिए आवेदन मांगे। जहाँ बागेश्वर नगर पालिका के लिए सर्वाधिक 15 कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष पद के लिए टिकट देने के लिए दावेदारी की। बागेश्वर नगर पालिका पद के लिए कांग्रेस संगठन के लिए



लगातार नगर वासियों और व्यापारियों से बेहतर तालमेल और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करने वाले नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने भी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की। वहीं अधिकांश युवा कार्यकर्ताओं ने उनका समर्थन करते हुए लोगों और व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करने और आम नगरवासियों के हितों के लिए आवाज बुलंद करने वाला नेता बताते हुए पालिका चुनाव में संगठन द्वारा कवि जोशी को प्रत्यासी बनाए जाने की मांग उठाई।वहीं इसके अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रभारी को अपना आवेदन सौपा। इस दौरान कपकोट नगर पंचायत के लिए सात, जबकि गरुड़ नगर पंचायत के लिए पांच कार्यकर्ताओं ने अपना आवेदन किया। जिले में27 कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की है। वहीं जिला प्रभारी सतीश नैनवाल ने सभी कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सभी नाम प्रदेश कार्यालय को भेजें जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओ से तीनों निकाय सीटों पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की जीत हो इसके लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की जीत के लिए एकजुट होकर कार्य करना शुरू कर दें। कहा कि प्रदेश शीर्ष नेतृत्व द्वारा ही एक उम्मीदवार कि घोषणा कि जाएगी, जबकि अन्य सभी कार्यकर्ता कांग्रेस की जीत के लिए युद्धस्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। इस दौरान बैठकको सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनता महंगाई भृष्टाचार और तानाशाही से त्रस्त है, प्रदेश सरकार को निकाय चुनावों में हार का भय सता रहा है इसलिए छात्र संघ सहित नगर निकायों के चुनावों को कराने में देरी करा रही है। उन्होंने संगठित होकर सभी कार्यकर्ताओं को निस्वार्थ भाव से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की अपील की।इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित पूर्वविधानसभा प्रत्यासी बसंत कुमार, राजेंद्र टंगड़िया, पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला,पूर्व पालिकाध्यक्ष गीता रावल, भगवत रावल, बबलू नेगी,राजेंद्र परिहार, सुनील भंडारी,सहित सभी ब्लाको के ब्लॉक अध्यक्ष सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जगह-जगह सड़क पर गड्ढे होने से ग्रामीण परेशान

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कपकोट तहसील के ग्राम हरसीला पूड़कुनी मोटर मार्ग में जगह-जगह सड़क पर गड्ढे होने से ग्रामीण परेशान है। सड़क पर बने गड्डो को नहीं भरे जाने से आए दिन बाइक सवार रपटकर चोटिल हो रहे है। वही कार्यदाई संस्था लोनिवी द्वारा मार्ग में गत सप्ताह ही विभाग द्वारा मोटर मार्ग में पैच वर्क किया गया था,परंतु पेच वर्क के दौरान किया गया गड्ढे भरान का कार्य में गुणवत्ता नहीं हो पाने के चलते सड़क पर फिर भी गड्ढे बन गए है। ऐसे में ग्रामीणों ने कार्यदाई संस्था पर लीपापोती करने का आरोप लगाते हुए सड़क पर हुए निर्माण कार्य पर सवालिया निशान उठाते हुए जिला अधिकारी से जांच की मांग की है।वहीं ग्रामीण बिशन सिंह लुम्याल,धन सिंह बघरी, बलवंत सिंह,मुकेश सिंह, महेश सिंह ने



लोनिवी से जल्द सड़क पर बने हुए गड्डों को भरने और विभाग द्वारा कराए गए पैच वर्क को गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जाने की मांग की है। ग्रामीण बिशन सिंह लुम्याल ने मामले में जिलाधिकारी को बने हुए गड्डों की जानकारी देते हुए तत्काल अधिकारियों से स्थलीय निरीक्षण की मांग कर सड़क को गड्ढा मुक्त करने की अपील की है। वहीं डीएम आशीष भटगाई ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# सरयू गोमती पावन नदी के संगम तट पर हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम

बागेश्वर। नमामि गंगे परियोजना के तहत सोमवार देर शाम सरयू,गोमती पावन नदी के संगम बागनाथ मंदिर घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। डीएम आशीष भटगांई ने दीप महोत्सव कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया,उसके बाद गंगा आरती हुई। सरयू नदी के किनारे सैकड़ों दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को गंगा की सहायक नदियों की स्वच्छता और निर्मलता की शपथ दिलायी। डीएम ने सभी लोगों से पतित पावनी सरयू गोमती नदी की पवित्रता को अविरल बनाए रखने हेतु नदियों में किसी प्रकार का कूड़ा नहीं फैकने, नदियों को साफ स्वच्छ बनाए रखने,नदी किनारे किसी भी प्रकार से अतिक्रमण गंदगी नहीं करने की अपील की। साथ ही बताया कि प्रदेश में सरयू नदी को सबसे स्वच्छ नदी माना जाता है, इसकी स्वच्छता को बनाए रखना हम सभी कि पुनीत जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बसन्ती देव,जिलाध्यक्ष



भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण,ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी,दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह परिहार,पूर्व चेयरमैन ,वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा,एसपी चंद्रशेखर घोडके,डीएफओ धुव्र सिंह मर्तोलिया,एसडीएम मोनिका,सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी,जिला पर्यटन अधिकारी पीके गौतम सहित अन्य अधिकारियों,कर्मचारियों और श्रद्धालुओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। सभी ने दीप प्रज्वलित कर गंगा आरती में शामिल हुए तथा पुण्य के भागीदार बने।

# महिलाओं ने निकाली निशान यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री खाटू श्याम बाबा के जन्म उत्सव के उपलक्ष में आज पूरे शहर में जगह-जगह भजन संध्या व दरबार सजाए जा रहे हैं और कई महिलाओं द्वारा निशान यात्रा का भी आयोजन किया गया । राम मंदिर हल्द्वानी



में भी श्री श्याम बाबा का धूमधाम से जन्मदिन मनाया जा रहा है । इस दौरान महिलाओं ने श्याम बाबा के जयकारों के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली । शाम को भजन संध्या का आयोजन कर जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

# पुलिस ने तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को देसी तमंचे के साथ गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है मंडी चौकी प्रभारी भुवन राणा अपने पुलिस कर्मियों के साथ बीती रात सतबाल पेट्रोल पंप से गश्त करते हुए मुक्त विश्वविद्यालय की ओर जा रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी की एक युवक तमंचा लेकर घूम रहा है कहीं वह किसी बड़ी घटना को अंजाम न दे दे सूचना पाकर एस आई भुवन सिंह राणा मुक्त विश्वविद्यालय से सटे जंगल की ओर चल दिए तभी एक युवक पुलिस को देखकर सकपका गया पुलिस ने उसे रोक कर उसकी तलाशी ली जिसके पास से 315 बोर का एक तमंचा वह एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस को उसने अपना नाम आकाश रस्तोगी पुत्र राम अवतार रस्तोगी निवासी हरिपुर शिवदत्त कॉलोनी पोस्ट अर्जुनपुर गोरा पड़ाव बताया उसने बताया कि वह यह तमंचा लोगों को दिखाकर लूटने का प्रयास कर रहा था। एस आई भुवन सिंह राणा ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। और तमंचा कहां से लाया इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है।

# वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की पेशकश

दिनेशपुर (उद संवाददाता)।नवोदय इंटर कॉलेज चक्की मोड़ का वार्षिकोत्सव श्बचपनश् धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। दिनेशपुर के चक्की मोड़ कस्बे के रामलीला मैदान में हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद



पांडे ने किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पांडे ने कहा कि बच्चों ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को भारतीय इतिहास एवं महापुरुषों के बारे में विस्तार से बताया जाए, ताकि वह उन महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ सकें। संचालन जानकी कुनियाल व जया राय ने किया। इस दौरान प्रबंधक हरीश जोशी, प्रधानाचार्य ऋषभ जोशी, गौरीदत्त बुधौरी, दरपान सिंह, गुसाई सिंह, गिरीश चन्द्र जोशी, मनोज कुमार, तरुण दुबे, सुभाष व्यापारी, वीरेश कुमार, सतेन्द्र सिंह, तारा सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला गायब

हल्द्वानी(उद संवाददा)। एक महिला ने अपने मकान की देख रेख करने वाली महिला की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर सौंपते हुए। बागेश्वर निवासी कविता जोशी पत्नी मोहन चंद्र जोशी ने कहा है कि विवेक विहार कुसुमखेड़ा गैस गोदाम रोड पर उसके भवन का निर्माण 2 वर्षों से चल रहा है उसकी देखरेख के लिए उसने नीमा बोरा नामक महिला को रखा था। दो वर्षों से नीमा बोरा उसके मकान की देख रेख कर रही थी। 10 सितंबर को कविता ने नीमा को फोन करके बागेश्वर बुलाया था। नीमा ने फोन कर कविता से कहा कि वह 10:30 बजे बस में सवार होकर बागेश्वर के लिए निकल गई है लेकिन जब से आज तक नीमा बागेश्वर नहीं पहुंची जिसकी काफी खोजबीन की लेकिन नीमा का कहीं भी पता नहीं चल पाया कविता को उसकी अनिष्ट की चिंता सता रही है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नीमा की तलाश शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**सड़क हादसे मे तीन ...** निवासी कालिदास रोड, 20 वर्षीय कामाक्षी पुत्री तुषार सिंघल निवासी कावली रोड देहरादून और 24 वर्षीरू ऋषभ जैन पुत्र तरुण जैन निवासी राजपुर रोड देहरादून आदि शामिल है। जबकि 25 वर्षीय सिधेश अग्रवाल निवासी राजपुर रोड देहरादून गंभीर रूप से घायल है। उसे उपचार के लिए सिनर्जी अस्पताल भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुयी है। घटना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

**हादसे में ठुकराल के करीबी...**घायल हुए हैं। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित रूद्रपुर से तमाम लोग रात को ही रामपुर पहुंच गये। 28 वर्षीय मृतक बंटी कोली की हादसे में निधन की सूचना मिलते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम लोगों ने रात को ही रामपुर पहुंचकर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। रामपुर में पोस्टमार्टम के पश्चात आज दोपहर बंटी कोली के शव को रम्पुरा स्थित उनके आवास पर लाया गया। उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने लिए हजारों लोगों का तांता लग गया। मृतक बंटी कोली दो बहनों का इकलौता भाई था। बंटी कोली के पिता भाजपा नेता घासी राम का कई वर्ष पहले निधन हो गया था, जबकि कुछ वर्ष पहले उनकी माता का भी निधन हो गया है। बंटी कोली की दोनों बहनों का विवाह हो चुका है। बंटी पिछले करीब 13 वर्षो से पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ जुड़ा था और उनके सामाजिक और पारिवारिक सभी कार्यों में परिवार के सदस्य की तरह काम करता था। पिछले नगर निगम चुनाव में बंटी ने ओमेक्स वार्ड से पार्षदी का चुनाव लड़ा था। मिलनसार और सरल स्वभाव वाले बंटी कोली के निधन की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध रह गया। बंटी कोली अविवाहित था और उसके माता पिता का पूर्व में निधन हो चुका है।

**मेरा बेटा...**बात भी बताई थी। रामपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई के दौरान ठुकराल की आंखों से आंसुओं का सैलाब रूक नहीं रहा था। लोग उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि 'मेरा बेटा चला गया'। मेरा सब कुछ उजड़ गया। उन्होंने कहा कि बंटी कोली की कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता। ठुकराल ने अपनी फेसबुक पोस्ट में भी लिखा कि अपने पुत्र बंटी कोली के निधन से निशब्द हूं । बता दें बंटी कोली पिछले करीब 13 वर्षों से ठुकराल के परिवार के सदस्य की तरह जिम्मेवारी निभा रहे थे। ठुकराल का मीडिया प्रबंध न हो, घर के पारिवारिक काम हो या बाहर के अन्य काम, हर जगह बंटी कोली की मौजूदगी नजर आती थी। पूर्व विधायक ठुकराल की पत्नी भी बंटी कोली को बेटे की तरह ही मानती और दुलार करती थी। बंटी कोली के निधन के बाद ठुकराल की पत्नी और उनकी दोनों पुत्रियों का भी रो रोकर बुरा हाल है।

**नशे के इंजेक्शन...**भागने लगा संदेह होने पर भागते हुए युवक को पुलिस ने पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली जिसके पास से 27 इंजेक्शन बरामद हुए। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम शकील अहमद पुत्र हाफिज अहमद निवासी जवाहर नगर मुमानी के घर के पास बताया पुलिस ने जब तस्कर से जनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह यह इंजेक्शन इच्छा से एक चाचा नाम के व्यक्ति से सस्ते दामों में खरीद कर लाता है और वह अक्सर रोडवेज की बस से पैकेट बनाकर भी भेज देता है तस्कर ने बताया कि वह गोला नदी में काम करने वाले मजदूरों को इंजेक्शन महंगे दामों में बेचता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय मैं पेश किया है।

**बस की टक्कर से ...** शिवानी, विषुका, पूर्णिमा, ज्योत्सना, संदीप कौर, शांति, रीना, संता, शिवपाल, काली, पूर्णिमा ढाली, कंचन, मदन लाल, गीता, नीतू मिस्त्री, पार्वती, पल्लवी, सरस्वती आदि महिलाओं का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनो को कब्जे मे ले लिया हैं। घटना की जानकरी मिलते ही एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने भी जिला चिकित्सालय पहुँचकर घायलों का हाल जाना और घटना की जानकारी ली। वहीं घटना के बाद सीओ निहारिका तोमर ने भी निरीक्षण कर घटना की जानकारी ली उन्होंने कहा कि दुर्घटना के मामले में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**मौत ने बुला लिया...**बैठे रहने का जोर दिया लेकिन वह नहीं माना और आगे वाली सीट पर बैठने के कुछ देर बाद ही हादसा हो गया। हादसे में आगे की सीट वाला हिस्सा ही ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर डैमेज हुआ और बंटी कोली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि कार में सवार अन्य लोग बाल बाल बच गये।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

किच्छा।(उद संवाददाता)। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति की एक आवश्यक बैठक समिति के कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें मर्चुला बस हादसे के मृतकों को एवं नगर के सभी दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनकी आत्म शांति के लिए प्रार्थना की गई। समिति की यह बैठक पिछले वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने एवं अनुमोदन करने के लिए आहुत की गई थी। समिति की बैठक में सर्वप्रथम पिछले वित्तीय वर्ष के लेखा-जोखा को अनुमोदित करते हुए नए वित्तीय वर्ष हेतु एवं आगामी उत्तरायणी पर्व के लिए कार्यक्रम के संबंध में रूपरेखा तय की गई तथा समिति के पदाधिकारी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। समिति की आगामी बैठक 8 दिसंबर को पुनः आयोजित की जाएगी जाएगी समिति



की बैठक में पूर्व के प्रस्ताव को जहां सहमति प्रदान की गई वहीं नए प्रस्ताव भी ले गए जिसमें समिति के द्वितीय तल में एक शौचालय एवं तृतीय तल में एक कमरा तथा शौचालय के अलावा समिति के भगवान पर शीश लंबित कार्यों को किए जाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया तथा तय किया गया कि लंबित पड़े कार्यो के संपादन हेतु समिति के सदस्यों द्वारा एवं समाज के लोगों द्वारा धन संग्रह कर धर्मशाला के कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रयास किया जाएगा तथा इस कार्य को संपन्न करने के लिए क्षेत्रीय विध ायक तिलक राज बिहार से भी विधायक निधि से अनुदान दिए जाने के मांग की जाएगी। समिति के पूर्व के सभी प्रस्तावों को एवं लेखा-जोखा की कार्रवाई को अनुमोदित करने के उपरांत समिति की उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मार्चुला बस दुर्घटना के सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का ध्यान रखा इसके अलावा समाज की स्थानीय तथा क्षेत्र के आसपास सभी दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देते हुए उनके लिए भी 2 मिनट का मौन रखा। समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पंत पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि हादसा एक दुखद हादसा था इस हादसे से सभी वाहन चालकों को सबक लेना चाहिए तथा ओवरलोडिंग बंद कर देनी चाहिए इसके अलावा उन्होंने कहा कि क्षेत्र के दिवंगत आत्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करें उन्होंने कहा कि हमारे बीच में कुछ ही समय में नंदन सिंह बिष्ट ,आशा देवी ,भगवती देवी,देवकी देवी सहित कई लोग ईश्वर के चरणों में दिन हो गए हैं हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के नारायण शर्मा, सरोज पंत , बसंत बल्लभ जोशी, दिनेश चंद्र पाठक, कैलाश चंद्र बिस्तानियां , मधुसूदन तिवारी ,मोहन चंद्र मठपाल, प्रतीक पंत ,दिनेश चंद्र लोहनी ,कैलाश चंद्र पाठक, जानकी तिवारी ,कैलाश कांडपाल,पूरन चंद्र शर्मा, ममता कथायत, कुमारी सुधा जोशी, भुवन चंद जोशी, आदि लोग उपस्थित थे।

# श्री बालाजी स्थापना दिवस 13 नवंबर से: चुघ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी स्थापना दिवस 13 नवंबर से आयोजित किया जाएगा, जो 15 नवंबर तक चलेगा। इसमें कई कार्यक्रम किए जाएंगे। जानकारी देते हुए श्री बालाजी के भक्त भारत भूषण चुघ ने बताया कि श्री गुरु हरनाम जी महाराज जी के सानिध्य में श्री बालाजी स्थापना दिवस 13 नवंबर से मनाया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस दोपहर को निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो एलाइंस क्रिस्टल स्टेट के कम्युनिटी हॉल से प्रारंभ होकर श्री बालाजी धाम पहुंचेगी। निशान यात्रा में 511 निशान लेकर संगत निकलेगी और दानपुर, भगवानपुर ,ग्रीन पार्क समेत विभिन्न स्थानों पर निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा ।14 नवंबर को प्रातः काल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में 51 भक्तों द्वारा रक्तदान किया जाएगा और



शाम को श्री बालाजी धाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को प्रातः काल श्री बालाजी का दरबार लगाया जाएगा और दोपहर श्री बालाजी धाम में भंडारे का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने सभी बालाजी भक्तों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है। श्री बालाजी स्थापना दिवस को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजेंद्र श्रीधर, रवि बठला, विजय अरोड़ा, पवन जिंदल ,मुकेश घई, सुनील गुगलानी ,राजू सिंघल, जॉनी राजपूत, मोहित जिंदल, हर्ष जिंदल, रोहित हुड़िया, आशु नागपाल, रोहित, सुमित, काकू ग्रोवर, सनी कालडा, प्रवीण , कुलदीप सिंह, राकेश ग्रोवर आदि मौजूद थे। बैठक में सभी को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में आरएएन की टीम अव्वल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद् द्वारा क्षेत्र स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र स्तर मुरादाबाद में संपन्न किया गया । आगरा,मेरठ,गाजियाबाद ,देहरादन हाथरस,पीलीभीत ,ऊधम सिंह नगर,बिलासपुर ,टीमों ने प्रतिभाग किया स पूर्व मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री दुर्गा दत्त शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉक्टर तरुण शर्मा ने शुभारंभ किया संचालन अनुराग और नरेंद्र अरोड़ा ने किया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, निर्मल मेहता, विवेक शर्मा, नीरज मित्तल, सुधीर शर्मा, गौरव आदि मौजूद रहे। रोहिलखंड पश्चिमी प्रांत की बिलासपुर टीम आर. ए. न. पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता में आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल बिलासपुर डिबडिबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता इस उपलब्धि पर आर. ए. न. पब्लिक स्कूल




के चेयरमैन विंग कमांडर एच. के. राय सर,मधु राय जी, एवं डायरेक्टर महोदय श्री मोहित राय, निर्देशिका श्रीमती निधि राय एवं प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट द्वारा विद्यालय के सभी छात्रों और शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उन्होंने विद्यालय की प्रगति और सफलता के लिए शिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भी बधाई दी।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारम्भ

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय धुसरा के खेल मैदान में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ के प्रथम दिन बालक वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं





का शुभारंभ ग्राम पंचायत दुसरी के ग्राम प्रधान रितेश राणा,खेल संयोजक नृपेंद्र कुमार चौहान, मेजबान विद्यालय के प्रध ानाध्यापक कुंवर सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खेल संयोजक श्री नृपेंद्र कुमार चौहान व ग्राम प्रधान रितेष राना द्वारा अपने संबोधन में सफल हुए खिलाड़ियों का उदाहरण देकर नियमित अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। इसलिए खेलों के लिए नियमित अभ्यास जरूरी है ।संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा अंडर 14 एवं अंडर 17 के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में विस्तार से दिशा निर्देश देते हुए खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया। न्याय पंचायत स्तर पर अंडर - 14 में 60 मीटर 600 मीटर दौड़, लम्बी कूद, ऊंची कूद,गोला फेंक, कबड्डी , खो - खो वॉलीबॉल प्रतियोगिता तथा अंडर- 17 में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मी तथा 3000 मीटर, कबड्डी खो- खो,वॉलीबॉल, लम्बी कूद,ऊंची कूद ,गोला फेंक, भाला फेंक आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल जी द्वारा किया गया उनके द्वारा प्रतिभागी बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए अनुशासन का परिचय देने के लिए कहा। खेल प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए निर्णायक निमाई चन्द्र माझी, वीरेंद्र सिंह,खजान सिंह, सत्य प्रकाश सिंह,राजीव चौहान, पवन कुमार, लीला रौतेला ,नीलम रानी, रेनू उपाध्याय ,नीतू चौहान नवीन शर्मा , फकीर सिंह, साहिल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेगा सर्व इंडिया इंटर कॉलेज का छात्र दीपक

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरु राम राय लक्ष्मण इंटर कॉलेज देहरादून में आयोजित डॉ०ए.पी.जे अब्दुल कलाम राज्यस्तरीय विज्ञान महोत्सव में सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर के कक्षा 8 के छात्र दीपक ने जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद व विद्यालय का नाम रोशन किया। दीपक ने अपने मॉडल के अंतर्गत आग से विद्युत पैदा करने का मॉडल प्रस्तुत किया जो कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र बिंदु रहा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ०संदीप




पांडेय ने बताया कि अब दीपक दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। दीपक की इस उपलब्धि पर विभागीय अधि कारियों के साथ- साथ प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी एवं कॉलेज के समस्त स्टाफ के द्वारा मार्गदर्शक डॉ० शिव शंकर गौतम को उनके कुशल मार्गदर्शन की बधाई दी गई।

